भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 123
उत्तर देने की तारीख 03.02.2025

युवा कलाकारों की सहायता करने के लिए उपाय

123. श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने युवा कलाकारों को आर्थिक रूप से सहायता देने के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसी योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(ग) योजना के तहत आवंटित और उपयोग किए गए बजट की राशि कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने भारत की स्वदेशी संस्कृति का अध्ययन करने के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो सरकार द्वारा किए गए अध्ययनों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) योजना के तहत आवंटित और उपयोग किए गए बजट की राशि कितनी है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): जी, हां। संस्कृति मंत्रालय शास्त्रीय कला रूपों, स्वदेशी कलाओं और अन्य पारंपरिक कला रूपों जैसे विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कर रहे युवा कलाकारों द्वारा उनके संबंधित क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 'विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों हेतु छात्रवृत्तियां (एसवाईए)' नामक वित्तीय सहायता की स्कीम कार्यान्वित कर रहा है। इस स्कीम घटक के अंतर्गत अधिकतम 400 शोधार्थियों को 2 वर्ष की अवधि के लिए चार बराबर छमाही किस्तों में प्रति माह 5,000/- रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। चयनित विद्वान 18 वर्ष से 25 वर्ष के आयु वर्ग में होने चाहिए और वे किसी गुरु या संस्थान के अधीन कम से कम 5 वर्ष से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हों। विद्वानों का चयन मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति के समक्ष निजी साक्षात्कार/परस्पर संवाद में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है।

(ख) विगत 03 बैच वर्षों के दौरान उपरोक्त स्कीम के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या नीचे दी गई है:-

2019-20	2020-21	2021-22
400	400	400

उपर्युक्त के अतिरिक्त, विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान गुरु-शिष्य परंपरा (रेपर्टरी अनुदान) की स्कीम के अंतर्गत निम्नलिखित संख्या में कलाकारों (युवा कलाकारों सहित) को भी लाभान्वित किया गया है:

2021-22	2022-23	2023-24
9326	10140	10497

(ग): संस्कृति मंत्रालय, अन्य बातों के साथ-साथ, 'कला और संस्कृति के संवर्धन हेतु छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति की स्कीम' नामक केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम संचालित कर रहा है जिसका एक घटक 'विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों हेतु छात्रवृत्तियां' है। उक्त 'कला और संस्कृति के संवर्धन हेतु छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति की स्कीम' के अंतर्गत निधियां आवंटित की जाती हैं, जिसमें आगे निधियों का कोई पृथक घटक-वार आवंटन नहीं किया जाता है। विगत तीन वर्षों और मौजूदा वित्त वर्ष दौरान 'कला और संस्कृति के संवर्धन हेतु छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति स्कीम' (विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति स्कीम घटक सहित) के तहत आवंटित और उपयोग किए गए बजट का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	आवंटित बजट (करोड़ रुपये मं)	प्रयुक्त बजट (करोड़ रुपये मं)
1.	2021-22	21.25	20.24
2.	2022-23	23.68	14.80
3.	2023-24	16.22	15.71
4.	2024-25 (28.01.2025 के अनुसार)	16.46	12.56

(घ): जी हां, संस्कृति मंत्रालय अपने दो स्कीम घटकों नामतः (i) संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को वरिष्ठ/कनिष्ठ अध्येतावृत्ति (ii) सांस्कृतिक शोध हेतु टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों यथा इंडोलॉजी, पुरालेखशास्त्र, संस्कृति का समाजशास्त्र, सांस्कृतिक अर्थशास्त्र, स्मारकों के संरचनात्मक और इंजीनियरिंग पहलू, मुद्राशास्त्र आदि में, स्वदेशी संस्कृति सहित, भारतीय संस्कृति पर शोध करने के लिए भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन को बढ़ावा दे रहा है।

(ङ.): संस्कृति मंत्रालय, अन्य बातों के साथ-साथ, 'कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति स्कीम' के नाम से केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम का संचालन कर रहा है, जिसमें निम्नलिखित तीन स्कीम घटक हैं:-

(i) विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति

(ii) संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को वरिष्ठ/कनिष्ठ अध्येतावृत्ति प्रदान करना

(iii) सांस्कृतिक शोध के लिए टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति

उक्त 'कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति स्कीम' के लिए निधियां आवंटित की जाती हैं, जिसमें आगे निधियों का कोई पृथक घटक-वार आवंटन नहीं किया जाता है। विगत तीन वर्षो और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान उक्त स्कीम के अंतर्गत आवंटित एवं उपयोग किए गए बजट (इसकी सभी स्कीम घटकों सहित) का उल्लेख उपर्युक्त क्रम संख्या (ग) में किया गया है।

*****